पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

डाॅ0 अम्मार रिज़वी के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन
राज्यपाल सहित अन्य विशिष्टजनों ने की शिरकत

लखनऊः 5 मार्च, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज पूर्व मंत्री डाॅ0 अम्मार रिज़वी के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में समस्त प्रदेश वासियों को होली सहित आने वाले भारतीय नववर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि वे मुंबई से 3 बार विधायक और 5 बार सांसद रहे हैं और जैसा प्यार मुंबई की जनता ने दिया उसी तरह 3 वर्ष 6 माह में यहाँ राज्यपाल की हैसियत से उन्हें प्यार मिला है। इस प्यार से वे अभिभूत हैं। उन्होंने श्री अम्मार रिज़वी को 'मेरे दोस्त' कह कर सम्बोधित करते हुए कहा कि अम्मार साहब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह से प्रदेश में एकता और सद्भाव को और मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना कल्बे जव्वाद, स्वामी मुक्तिनाथानन्द, कुलपति प्रो0 एस0पी0 सिंह, प्रो0 माहरूख मिर्जा, प्रो0 शारिब रूदौलवी, श्री अतहर नबी, श्री सिराज मेहदी, श्री नसीब पठान, लंदन से पधारे लार्ड खालिद हमीद व उनकी पत्नी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता झिंगरन ने नजीर अकबराबादी की नज्म 'जब हुस्न दिखाया होली ने' प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी।

राज्यपाल ने इस अवसर पर बताया कि अपने जीवन में उन्हें इस बात का बहुत समाधान है कि उनके अनुरोध पर आजादी के 42 वर्षों बाद देश की सबसे बड़ी पंचायत में 'वंदे मातरम्' और 'जन गण मन' गाने की प्रथा की शुरूआत हुई। संविधान ने 'वंदे मातरम्' को वही दर्जा प्रदान किया है जो 'जन गण मन' को प्राप्त है। आजादी की लड़ाई 'वंदे मातरम्' पर ही लड़ी गई थी। उन्होंने कहा कि उनके आग्रह पर यह तय हुआ कि राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों की शुरूआत 'जन गण मन' तथा समापन 'वंदे मातरम्' से होगा।

इस अवसर पर डाॅ0 अम्मार रिज़वी ने अपने विचार रखे तथा स्वागत उद्बोधन दिया।

अंजुम/ललित/राजभवन (93/9)